भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं॰ 1469
दिनांक 24.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

एस॰एन॰जे॰पी॰वाई॰ के अन्तर्गत प्रत्येक घर को
पानी का कनेक्शन प्रदान किया जाना

1469. डा॰ सत्यनारायण जटियाः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में समूह नल जल-प्रदाय योजना के अन्तर्गत घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से कितने गांवों में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है; और
(ख) वर्ष 2018-19 सहित आगामी तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ निर्धारित लक्ष्य तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का जिला-वार, वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) और (ख) जैसा कि मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने सूचित किया है, राज्य में **समूह नल जल प्रदाय योजना (एसएनजेपीवाई)** के अंतर्गत कोई घरेलू जल कनेक्शन प्रदान नहीं किया जाता।